भारत सरकार

भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय

भारी उद्योग विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 5911

गुरूवार, 2 मई, 2013

सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों कायिर्नष्पादन

5911. कुमारी सरोज पाण्डेय :

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों के खराब कार्यनिष्पादन से संबंधित शिकायतें मिली हैं ; और

(ख) यदि हां, तो केन्द्र सरकार द्वारा इन सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों के कार्यों की समुचित निगरानी के लिए क्या कार्य योजना तैयार की गई है ?

उत्तर

भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री

(श्री प्रफुल पटेल)

(क) भारी उद्योग विभाग के अधीन सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों का संचयी उत्पादन वर्ष 2011-12 के दौरान 56009.39 करोड़ रुपए की तुलना में वर्ष 2012-13 के दौरान 56506.25 करोड़ रुपए का हुआ। इसलिए, कमजोर निष्पादन का प्रश्न ही नहीं उठता।

(ख) इस विभाग में सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के निष्पादन की नियमित मॉनिटरिंग के लिए मासिक रिपोर्ट और आवधिक समीक्षा बैठकों की व्यवस्था है।

*****